हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 18 फ़रवरी 2025, समय 1810 (10 मिनट)

- केन्द्रीय यांत्रिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने आज नई दिल्ली में डिजिटल ब्रांड पहचान नियमावली जारी की।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान युवाओं को होगा।

- हरियाणा के राज्यपाल और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से अलंकृत किया।

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के आज नौ वर्ष पूरे हुए।

- पलवल और पृथला औद्योगिक क्षेत्र की सभी सडक़ों की मुरम्मत और मूलभूत सुविधायें देने के निर्देश दिए गए।

**********

केन्द्रीय यांत्रिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने आज नई दिल्ली में डिजिटल ब्रांड पहचान नियमावली जारी की। इस का उद्देश्य  सरकारी वेबसाइटों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एकरूपता लाना है।श्री प्रसाद ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सूचना  प्रौद्योगिकी के क्षेत्र एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह महत्वाकांक्षी पहल देश

के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगी और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देगी।

***********

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान युवाओं को होगा।

मुख्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित 34 वें दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने युवाओं से जीवन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मानसिक, शारीरिक एवं नैतिक रूप से मजबूत बनने का आह्वान किया।दीक्षांत समारोह में लगभग 2000 विद्यार्थियों को डिग्री तथा 130 पीएचडी की उपाधि तथा 91 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। डिग्री और पदक हासिल करने वाले युवाओं को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा -

सी एम -ए

उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावाकों व संकाय सदस्यों को भी बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के साथ-साथ युवाओं के कौशल विकास पर भी बल दे रही है और पारदर्शिता के साथ नौकरियां दे रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा -

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, कालका से विधायक शक्ति रानी शर्मा, इसरो वैज्ञानिक डॉ. सोमनाथ एस, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व अन्य गणमान्य मोजूद रहे समारोह में स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

**********

हरियाणा के राज्यपाल और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने आज विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिए डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से अलंकृत किया।इस अवसर पर बंडारू दत्तात्रेय ने कहा

बंडारू दत्तात्रेय

उन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले और अंतरिक्ष में भारत का गौरव बढ़ाने वाले इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ को भी विश्वविद्यालय द्वारा मानद उपाधि और गोयल पीस सम्मान से अलंकृत किया।विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए श्री दत्तात्रेय ने कहा कि युवाओं के लिए कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में 1 करोड़ नौकरियों के अवसर मिलने की संभावना है।

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि डिग्री हासिल करने उपरांत युवा अपने सामाजिक जीवन में प्रवेश करके जिंदगी का लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ें।

***********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

***********

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के आज नौ वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2016 में इस योजना की शुरुआत की थी। इस योजना ने नवीन कृषि

तकनीकों को अपनाने को बढ़ावा देते हुए किसानों की आय को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।पंचकूला जिले के एक किसान ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना उनके लिए वरदान साबित हुई है।

राहुल राणा

केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय अनुसार 69 हजार 515 करोड़ रुपये से अधिक के कुल बजट के साथ 2025-26 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना जारी रहेगी।

**********

हरियाणा सरकार में खेल और कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम ने पलवल उद्योगिक क्षेत्र और पृथला क्षेत्र की सभी सडक़ों की मरम्मत और सडक़ों पर गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था करने के दिशा निर्देश दिए हैं।उन्होंने आज पलवल में उद्योगिक संघों की बैठक ली। इस अवसर पर जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सहित सभी प्रशासकीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अधिकारियों को औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त मात्रा में बिजली की आपूर्ति करने और औद्योगिक क्षेत्र में जाम की समस्या से निजात दिलाने के निर्देश भी दिए गए।

श्री गौतम ने मीडिया को बताया -

गौरव गौतम

उन्होंने कहा कि पलवल और पृथला औद्योगिक क्षेत्र में सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएगी। इसके लिए एक समिति का गठन किया गया है।

***********

भिवानी पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने बताया कि पीड़ित वकील की शिकायत पर मनी ट्रेल पर काम करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया।साइबर अपराध शाखा के उप निरीक्षक, विकास ने बताया कि पहले भिवानी के बैंक कॉलोनी

निवासी कपिल व जिले निंगाना के गांव के निवासी अली उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया गया। –

विकास

उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के बताए गए खातों से 10 लाख रुपये फ्रीज करवाए गए है।

***********

भारत की स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वुमेन ऑफ द ईयर घोषित किया है । मनु इस पुरस्कार के लिए पांच नामित व्यक्तियों में शामिल थी। नामितों का चयन खेल पत्रकारों और लेखकों की जूरी ने किया। 22 वर्षीय मनु ने पेरिसओलंपिक में दो कांस्य पदक जीते थे। मनु ने 10 मीटर एयर पिस्टलव्यक्तिगत स्पर्धा के साथ ही 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किए थे। देश की आजादी के बाद एक ही खेल में एक से अधिक पदक जीतने वाले वो पहली भारतीय एथलीट हैं।